यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी जिला जोधपुर

ाजस्व विभिन्न प्रार्थना पत्र संख्या : 23 / 2024

ार्थी | अप्रार्थी
गरसिंह बनाम सुख सम्पत राज वगैरा

रस्म मुकदमा– राजस्व विभिन्न प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, भू.राजस्व अधिनियम

ां हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व अहकाम ज हुक्म की में जारी हु
025	प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131 भू.राजस्व अधिनियम का पेश किया गया प्रार्थी की खातेदारी कब्जाकाश्त सुदा खातेदारीकी कृषि भूमि ग्राम मोगडा कला के खसरा नम्बर 123/1 की कुल रकबा 0.0368 हैक्टर एव खसरा नम्बर 123/2 रकबा 0.0417 हैक्टर आयी हुई स्थित है। इनके अलावा खसरा नम्बर 123 की कुल रकबा 0.6823 हैक्टर जो कि प्रार्थी एव अप्रार्थी संख्या 1 व 2 की संयुक्त खातेदारी की जायदाद है उक्त खसरान संख्या 123, 123/1, 123/2 की मौके अनुसार तरमीम शुद्व किया जाने का निवेदन किया गया। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को समन जारी किया गया अप्रार्थी गण संख्या 02 के द्वारा वकलतनामा पेश किया गया तथा मौके अनुसार तरमीम हेतु सहमती प्रदान की गयी तथा तहसीलदार लूणी से मौका जॉच रिपोर्ट मगवाई जाने का निवेदन किया गया । तहसीलदार लूणी के पत्र कंमाक/भूअ/2025/05 दिनांक 01.01.2025 के मौका जॉच रिपोर्ट हुई तहसीलदार लूणी द्वारा मोका फर्द दिनाक 23.12.2024 के अनुसार गलत हुई तरमीम को शुद्वि किया जाने की अनुशषा की गई। अतः– प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131 भू.राजस्व अधिनिमय का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य प्रतीत होने पर स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार लूणी को आदेश दिया जाता है कि हल्का पटवारी मौका फर्द दिनाक 23.12.2024 के अनुसार गलत तरमीम को शुद्व किया जावे आदेश की पालना हेतु तहसीलदार लूणी को तहरीर जारी हो। मौका फर्द दिनाक 23.12.2024 आदेश को भाग समझा जावे। पत्रावली फेसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। सहायक कलक्टर एव उपखण्ड अधिकारी, लूणी	